प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आज रांची में, और प्रधानमंत्री सहित अन्य भाजपा के स्टार प्रचारकों का सप्ताह भर झारखण्ड दौरा, झामुमो की कल दुमका में जनसभा।
- झारखण्ड में छठे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन, 22 प्रत्याशियों के नामांकन हुए हैं रद्द।
- झारखण्ड उच्च न्यायालय की ई–सेवाओं का मोबाइल एप्प लॉन्च तीन लाख एक्यावन हजार से अधिक आदेश और निर्णय अपलोड।
- रामगढ़ में चेकिंग अभियान के दौरान ओरमांझी टोल प्लाजा के पास एक कार से 45 लाख से अधिक रुपये मिले, इनकम टैक्स विभाग ने जांच की शुरु।
- राज्य के सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे, आज कहीं–कहीं तेज हवाओं के साथ मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान ।

************************

पलामू में होनेवाले चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी – ताकत झोंक दी है। झारखंड में इस सप्ताह भाजपा के स्टार प्रचारकों का जमावड़ा लगेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण झारखंड में मौजूद रहेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री आज दिन के 10 बजे रांची पहुंचेंगी। इसके बाद झारखंड चेंबर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। शाम में वापस लौट जायेंगी।

वहीं 10 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची आयेंगे। इसके बाद खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा की चुनावी सभा में शामिल होंगे। कल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी झारखंड में दो कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। श्री सिंह बोकारो में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

वहीं, मुख्यमंत्री चंपाइ सोरन और कल्पना सोरेन कल दुमका में जनसभा को संबोधित करेंगे।

************************

पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 13 मई को मतदान होना है। जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि छतरपुर विधानसभा के तीन, हुसैनाबाद विधानसभा के तीन और डालटनगंज विधानसभा के चार बूथों को री–लोकेट किया गया है।

************************

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए खूंटी और तोरपा विधान सभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सभी पोलिंग ऑफिसर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान केंद्र पर और मतदान के बाद की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। आईएलएमएस एप्प के माध्यम से मतदान कर्मियों की कार्य कुशलता का टेस्ट लिया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा ने कहा कि आप सभी को चुनाव कार्य की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। आशा की जाती है कि सभी अपने कार्यो में दक्ष होकर त्रुटिरहित चुनाव कार्यों का निष्पादन करेंगे।

************************

झारखंड में छठे चरण में होने वाले चुनाव में आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। अब तक छठे चरण के लिए 22 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द किए गए हैं। वहीं झारखंड में सातवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि का ने बताया कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में रांची सहित चार संसदीय क्षेत्र में होने वाले चुनाव के लिए दाखिल 118 नामांकन पत्रों में से 22 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं।

************************

झारखण्ड उच्च न्यायालय ने कल मोबाइल एप्प और ई– सेवाओं की क्यूआर निर्देशिका जारी की। कल आयोजित ऐप लॉन्च कार्यक्रम में सभी न्यायाधीश, महाधिवक्ता, झारखंड राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष सहित गई लोग मौजूद रहे। इस दौरान झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चन्द्रशेखर ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने अदालत की कार्यवाही को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। टेक्नोलॉजी की मदद से सभी कानूनी प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से चल रही है। इस एप्प में झारखण्ड उच्च न्यायालय की ई–सेवाओं के तीन लाख एक्यावन हजार से अधिक आदेश और निर्णय अपलोड किये गए हैं

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***********************

झारखंड में चक्रवातीय दबाव के कारण मौसम में बदलाव आया है। सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज कहीं–कहीं तेज हवाएं चल सकती हैं। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलो मीटर प्रति घंटे हो सकती है। कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी हो सकती है। रांची स्थित मौसम केंद्र ने 13 मई तक के लिए वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश का भी पूर्वानुमान है।

***********************

कोडरमा जिले में पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया है, वहीं सूख चुकी कई नदियों में भी जान आ गई है।

***********************

लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बनखेता ओरमांझी टोल प्लाजा के पास कल देर शाम स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने जांच के दौरान एक कार से पैंतालीस लाख, नब्बे हजार, पांच सौ रुपये जब्त किये हैं। जब्त राशि सेल्स टैक्स की टीम को सौंप दी गई है। सेल्स टैक्स विभाग की टीम ने मामले की सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी है, इनकम टैक्स विभाग जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई करेगा।

जांच के दौरान व्यक्ति के पर्स से नोटबंदी के बाद प्रचलन से बाहर दो हजार रुपये के इक्कीस नोट बरामद हुए हैं। पुलिस तमाम पहलुओं पर जांच कर रही है।

***********************

संक्षिप्त खबरें

- खूंटी में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातु में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।
- सरायकेला जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई संस्थाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। मारवाड़ी युवा मंच मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए घर–घर जागरूकता कार्यक्रम चला रही है।

- सरायकेला के हाता–चाईबासा मार्ग में लेकराकोचा मोड़ के पास स्कूटी और ट्रेलर के बीच एक्सीडेंट में स्कूटी में सवार युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान शुभेन्दु तिवारी के रूप में हुई है।
- गोड्डा जिले में पिछले दो दिनों से गर्मी से राहत मिली है। स्कूली छात्र–छात्राओं के अभिभावकों ने प्रशासन से छोटे बच्चों के लिए स्कूल खोलने का आग्रह किया है।

***********************

रांची में खेली जा रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण का समापन आज होगा। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित लीग के अंतिम दिन चार मैच खेले जायेंगे। अब तक खेले गये मैचों के बाद मेजबान झारखंड और हरियाणा के 14–14 अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के कारण झारखंड की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। आज झारखंड का मुकाबला महाराष्ट्र से होगा। इससे पूर्व दिन के पहले मैच में हरियाणा और मध्यप्रदेश की टीमें आमने–सामने होंगी। दूसरा मुकाबला मिजोरम और ओडिशा, जबकि तीसरा मुकाबला बंगाल और मणिपुर के बीच होगा। समापन के मौके पर भारत सरकार के खेल विभाग के संयुक्त सचिव कुणाल, हॉकी इंडिया के कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

***********************

अखबारों की सुर्खियां –

राज्य के अधिकांश अखबारों ने झारखण्ड सचिवालय में प्रवर्त्तन निदेशालय की छापेमारी, ओरमांझी में एक कार से कैश की बरामदगी और मुख्यमंत्री चंपाई सोरन द्वारा झारखण्ड प्रशासनिक अधिकारियों पर कारवाई के आदेश की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिंदुस्तान ने की सुर्खी है– ग्रामीण विकास मंत्री कोषांग में मिले पैरवी पत्र।

प्रभात खबर ने ईडी की छापेमारी पर सुर्खी दी है– सीएस ने डीजीपी से पूछा, सचिवालय की सुरक्षा पुलिस की, कैसे घुसा ईडी।

दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर ने ओरमांझी टोल प्लाजा में एक कार से छियालीस लाख कैश बरामदगी की खबर को प्रमुखता दी है।

वहीं रांची एक्सप्रेस और राष्ट्रीय नवीन मेल ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरन द्वारा झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी एयर इंडिया के दो सौ स्टाफ के एक साथ छुट्टी पर जाने और सौ उड़ानों के प्रभावित होने की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

****************